## झामुमो सीकरी पंचायत कमेटी का हुआ विस्तार अध्यक्ष बने प्रयाग और सचिव शफीक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी को मजबूत करने को लेकर पंचायत स्तर पर पार्टी को मजबूत करने को लेकर सीकरी पंचायत भवन में प्रखंड मुख्य संयोजक संजय सिंह की अगुवाई में पंचायत कमेटी का गठन किया गया है। प्रयाग कुमार को अध्यक्ष, मोहम्मद सफीक को सचिव व को ईश्वरी पासवान को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। कमेटी के विस्तार में अनुज राम और रघुवीर पासवान को उपाध्यक्ष, प्रभु राणा और अजय राम को सह सचीव तथा निर्मल महतो को संगठन सचिव की पद सौपा गया है। इनके अलावा जुगेश्वर सिंह, प्रदीप गिरी, सुधीर कुमार, अशोक महतो, अवधेश सिंह, उदय सिंह, जोगिंदर राम, रविंद्र कुमार, तेजन कुमार, प्रभु महतो, टिकेश्वर महतो, राजू कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य सह झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने चुने गये पदाधिकारीओं व सदस्यों को माला पहनाकर स्वागत किया और पार्टी को मजबूत करने की शुभकामनाएं दी। वही प्रखंड मुख्य संयोजक संजय सिंह ने कहा कि दो माह के अंदर प्रखंड के तमाम पंचायतो में कमेटी गठन कर दी जायेगी। तत्पश्चात हेमंत सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को डोर टू डोर जाकर ग्रामीणों को जागरूक किया जायेगा तथा पार्टी को मजबूत करने का काम किया जायेगा। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मोहन सोरेन, रेशमी टुडू, सफीउल्लाह अंसारी, हेमंत भुईंया, विशेश्वर राम, इलियास अंसारी, मुजफ्फर अंसारी, संजय भुईंया, अरुण कुमार, कामेश्वर महतो, धनु महतो, रमेश कुमार, अवध किशोर महतो, जोगेंद्र राम, विनोद राम, संतोष राम, रामप्रसाद महतो, गणेश महतो, सिकंदर कुमार महतो, सिद्धेश्वर राम आदि भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## झारखंड कृषि ऋण माफी योजना का लाभ लेने की अपील

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला कृषि पदाधिकारी कोडरमा ने जिला अंतर्गत सभी किसान भाई बहनों से अपील किया है कि जिन योग्य किसानों को झारखंड कृषि ऋण माफी योजना अंतर्गत 31.03.2020 के आधार पर लाभ नहीं मिल पाया है वो अविलंब अपने शाखा से संपर्क करें। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी अपील किया है कि अपने क्षेत्र अंतर्गत कोई भी किसान जो सरकार के नियमानुसार योग्य होने पर भी लाभ से वंचित है उन्हें तुरंत शाखा से संपर्क करने के लिए प्रेरित करें और जिन भी किसान भाई बहनों को अपने शाखा से दिक्कत आ रही है वो 10 दिनों के अंदर अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय या जिला कृषि पदाधिकारी कार्यालय कोडरमा से संपर्क करें। चूंकि माफी कि प्रक्रिया पोर्टल पर प्रारंभ हुए दो साल से अधिक बीत चुका है और अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय तथा जिला कृषि कार्यालय को अब तक इस निमित बहुत प्रयास के बावजूद कुछ शिकायत प्राप्त हुई है जिसका निराकरण किया जा रहा है। वंचित योग्य लाभुक को 10 दिनों का समय दिया जा रहा है, इसके बाद यह माना जायेगा कि झारखंड कृषि ऋण माफी योजना से संबंधित शिकायत नहीं है।

## भाकपा जिला परिषद की बैठक 9 को



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भाकपा जिला मंत्री प्रकाश रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कोडरमा सदर अस्पताल में लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने, फर्जी जांच रिपोर्ट देने के खिलाफ जांच कर अभिलंब कार्रवाई करने, डॉक्टर की संख्या बढ़ाने और कोडरमा जिले में मेडिकल कॉलेज का कार्य अविलंब शुरू कराने और कोडरमा अंचलाधिकारी अनील कुमार के द्वारा गैरमजरुवा जमीन को पैसा लेकर रैयती दिखाकर एलपीसी देने और दाखिल खारिज बिना रिश्वत नहीं करने, रैयतो को बार-बार जमीन ऑनलाइन खाता और प्लॉट नंबर चढ़ाने के नाम पर बड़ी रकम वसूलने के खिलाफ भाकपा जिला परिषद कोडरमा सितंबर महिने में बडा आंदोलन करने जा रही है। जिसके तैयारी को लेकर भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक 9 सितंबर को दोपहर, 12 बजे जिला मंत्री के अवास ग्राम बृंदा में होगी। इस बैठक में जिप सदस्य महादेव राम, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री धनंजय यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, पंचायत समिति सदस्य रमेश यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव, एटक प्रदेश उपाधयक्ष सोनिया देवी, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयूम उद्दीन आदि लोग मौजूद रहेंगे।

## झारखंड वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष बने प्रदीप कुमार सुमन



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड वैश्य समाज के द्वारा कोडरमा जिला का अध्यक्ष प्रदीप कुमार सुमन को बनाया गया। इसकी घोषणा झारखंड की राजधानी रांची में झारखंड वैश्य समाज केंद्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर प्रसाद व झारखंड वैश्य समाज के मुख्य संस्थापक राजीव जायसवाल ने नियुक्ति पत्र देकर किया। प्रदीप कुमार सुमन ने इस पद को स्वीकार करते हुए कहा कि यह पदभार व सम्मान मिला है। जिला में हम वैश्य समाज को मजबूत करेंगे साथ ही जिला कमेटी और प्रखंड कमेटी का भी विस्तार करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यभार जो मुझे मिला है उसे बखूबी निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करुंगा। साथ ही सभी के दुख सुख में संगठन के साथ शामिल रहूंगा। नियुक्ति पत्र मिलने की खबर पाकर संतोष कुमार रंजन, शंकर मोदी, चंदन मोदी, पूर्व डीडीसी नारायण मोदी, पूर्व जिला न्यायाधीश अर्जुन मोदी, डाक्टर जेपीएन बरनवाल, सेवा निवृत शिक्षक बलदेव मोदी, सुषमा सुमन, विनीत कुमार मोदी, प्रिंस कुमार, कुलदीप मोदी, राघव मोदी, सोनू मोदी, विजय मोदी, सुभाष प्रसाद बरनवाल, विनीत कुमार, महेश मोदी, राजू मोदी, दिलीप मोदी, सुदर्शन मोदी, सुखदेव मोदी, राहुल मोदी सभी समाज के वरिष्ठ लोग लोगों ने बधाई दिया।

## घरेलू विवाद में युवक ने खाया जहर

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर प्रखंड अंतर्गत हीरोडीह में सोमवार की सुबह घरेलू विवाद में एक 20 वर्षीय युवक ने जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। युवक के द्वारा जहर खाने की जानकारी परिजनों को मिलने के बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। जहर खाने वाले युवक की पहचान देवराज उम्र 20 वर्ष पिता रघुराम के रूप में हुई है। सदर मे युवक का इलाज चल रहा है।

## संकल्प यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक



**सतगावां (आजाद सिपाही)।** सतगावां प्रखंड के वन विभाग विश्रामागर में सोमवार को भाजपा की एक बैठक संकल्प यात्रा को सफल बनाने को लेकर की गयी। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव मुख्य रूप से उपस्थित थीं। उन्होंने सतगावां के सभी बूथों पर बूथ कमेटी सदस्यों का नाम चयन कर नाम देने की अपील की। साथ ही उपस्थित कार्यकर्ताओं को 8 सितंबर को डोमचांच में होने वाले संकल्प यात्रा में शामिल होने की अपील की। कहा कि सभी बूथ से 10-10 सदस्यों को लाना है साथ ही साथ आने वाले चुनाव के समीकरण को लेकर कार्यकर्ताओं को बूथ कमिटी चुस्त और दुरुस्त बनाने की अपील की। साथ ही साथ सड़क, बिजली, पानी की समस्याओं पर चर्चा हुई। मौके पर प्रवीण पांडे, नरेंद्र सिंह, प्रखंड अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, सुरेश यादव, नरेश राय, प्रदीप यादव, सुबोध सिन्हा, प्रहलाद सिंह, तापेश्वर यादव, बबलू कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने गैस के दाम में कमी को बताया चुनावी स्टंट, दिया धरना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला मुख्यालय धरना स्थल पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में धरना दिया गया। मंच संचालन राजू चौरसिया और धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने किया। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव ने धरना को संबोधित करते हुए गैस के दाम कम होने पर कहा और सरकार पर तंज किया और बोला पिछले दो महीने में 'इंडिया' गठबंधन की सिर्फ दो बैठक हुई हैं और आज हम देख रहे हैं कि एलपीजी गैस के दाम 200 रुपये कम कर दिये गये, ये है इंडिया गठबंधन का दम। इस अवसर पर कहा की जब वोट लगे घटने, तो चुनावी तोहफे लगे बंटने। जनता की गाढ़ी कमायी लूटने वाली, निर्दयी सरकार, अब माताओं-बहनों से दिखावटी सद्भावना जता रही है। लॉलीपॉप थमाने से काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा की साढ़े 9 सालों तक 400 रुपये का एलपीजी सिलेंडर, 1200 रुपये में बेचकर आम आदमी की जिंदगी तबाह करते रहे, तब कोई स्नेह भेंट की याद क्यों नहीं आयी। बीजेपी सरकार ये जान ले कि 140 करोड़ भारतीयों को साढ़े 9 साल तड़पाने के बाद चुनावी लॉलीपॉप थमाने से काम नहीं चलेगा। भाजपा की कमरतोड़ महंगायी का मुकाबला करने के लिए, कांग्रेस पार्टी कई राज्यों में गरीबों के लिए केवल 500 रुपये का सिलेंडर करने वाली है। कई राज्य, जैसे राजस्थान, इसे लागू भी कर चुके हैं। मोदी सरकार ये जान ले कि 2024 में देश की परेशान जनता के गुस्से को 200 रुपये की सब्सिडी से कम नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर आदिब रिजवी, यमुना यादव, उपेंद्र रॉय, लालबिहारी सिंह, बिनोद सिंह, मिथलेश दुबे, साजिद हुसैन, दिगम्बर मेहता, मकसूद अलाम, ललितेश्वर चौधरी, केडी सिंह, धीरेंद्र दुबे, संजय तिवारी, निसार खान, कृष्णा किशोर प्रसाद, रघु जायसवाल, डॉ प्रकाश कुमार, डॉ.निजामुद्दीन अंसारी, युवा जिला अध्यक्ष प्रकाश यादव, प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, गौतम मेहता, मंटू यादव, अब्दुल मन्नान वासरी, नरसिंह प्रजापति, रविंद्र गुप्ता, दिलीप कुमार रवि, भालचंद्र मिश्र, मो मुश्ताक, मो रब्बानी, विजय कुमार सिंह, मनोज मोदी, डॉ असीम, मो बाबर अंसारी, अजय राणा, सलीम रजा, महिला कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बेबी देवी आदि ने भी सभा को संबोधित किया।

# राजलक्ष्मी ने जीता 'मिस हजारीबाग 2023' का खिताब

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग ।** हजारीबाग संस्था तरंग ग्रुप हजारीबाग और लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोअरिंग के संयुक्त तत्वावधान आयोजित राज्य स्तरीय नृत्य, गायन और सौंदर्य प्रतियोगिता बोर्न टू साइन 2023 के ग्रैंड फिनाले का भव्य आयोजन नगर भवन हजारीबाग में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता की शुरूआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के अभिभाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि आज मुझे ऐसा महसूस हो रहा है कि मैं मुंबई में किसी अवार्ड सेरेमनी में आया हुआ हूं। तरंग ग्रुप द्वारा हजारीबाग में इस तरह के आयोजन निःसंदेह यहां के प्रतिभाओं को एक नयी पहचान देगी। साथ ही उन्होंने स्वयं द्वारा आयोजित होने वाले आगामी रामलीला और सांसद सांस्कृतिक उत्सव की भी जानकारी साझा की। वहीं बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित आरोग्यम के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि हजारीबाग प्रतिभाओं की खान है जिसे तराशने के लिए इस तरह का आयोजन बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के संदर्भ में तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि लगभग एक माह से चल रहे इस प्रतियोगिता में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन ऑडिशन में शामिल हुए। इसके माध्यम से अंतिम रूप से सभी केटेगरी में सर्वोच्च 10 प्रतिभागियों का चयन किया गया। जिसके अंतर्गत सौंदर्य प्रतियोगिता में राजलक्ष्मी को मिस हजारीबाग 2023 के खिताब से नवाजा गया। वहीं कशिश कुमारी और श्वेता को क्रमशः द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मंच संचालन संजय तिवारी और हिमांशु कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सभी विजेताओं को विजेता ट्रॉफी के साथ संयुक्त रूप से 51000/रुपये का नगद पुरस्कार लायंस क्लब हजारीबाग रोरिंग के द्वारा प्रदान किया गया।

# सड़क पर रखेंगे घर बनाने का सामान, तो देना होगा जुर्माना: हर्षवर्धन

**गौतम पाल**



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झुमरीतिलैया नगर परिषद में नये कार्यपालक प्रशासक के रूप में योगदान देने के बाद पहले दिन सोमवार को हर्षवर्धन ने नगर पर्षद कर्मियों के साथ बैठक की। लगभग 2 घंटे तक चले इस बैठक में नप प्रशासक हर्षवर्धन ने कर्मियों के कार्यों की जानकारी लेते हुए कई दिशा निर्देश दिये। जैसा की प्रशासक ने स्वच्छता को अपनी प्राथमिकता में रखे थे। इसी के मद्देनजर सरकारी बस पड़ाव में कचरे का डंप किये जाने की सूचना को संज्ञान में लेते हुए तत्काल जेसीबी व ट्रैक्टर के जरिए उठाव कराया गया। वहीं उन्होंने बैठक में जन्माष्टमी पर्व को ध्यान में रखते हुए अच्छे वातावरण में जन्माष्टमी को संपन्न कराया जा सके इसके लिए उन्होंने कर्मियों से सभी मंदिरों की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने पर जोड़ दिया और कहां की पर्व के एक सप्ताह पूर्व से धार्मिक स्थलों सहित सभी इलाकों में फोगिंग कराए जाने का निर्देश दिया ताकि मच्छरों से निजात दिलायी जा सके। उन्होंने आम जनमानस की समस्याओं मसलन जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के तत्काल निपटारे के साथ-साथ भवन मलिकों द्वारा जगह-जगह सड़क पर ईट, बालू, छड़ी जैसी सामग्रियां को अनाधिकृत रूप से रख पाए जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई के जाने का सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्रवाई के पूर्व भवन मालिकों को 72 घंटे का समय दिया जाएगा उसके बाद भी अगर निर्देश का अवहेलना करते पाये जाने पर भवन मालिकों से जुमार्ना की राशि वसुली जायेगी। बैठक में सिटी मैनेजर सतीश कुमार, सिटी मिशन मैनेजर नीलम कुमारी, प्रधान सहायक सुभाष कुमार, खजांची संजीव पांडेय, लेखपाल राजेश केसरी, संगणक मिल्टन टंडन, बलराम, विमल शर्मा सहित अन्य नप कर्मी मौजूद थे।

# शिव शिष्यता के जनक हरिंद्रानंद की प्रथम पुण्यतिथि कोडरमा में मनायी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**कोडरमा।** शिव शिष्यता के जनक और वरेन्य गुरु भ्राता साहब हरिंद्रानंद की प्रथम पुण्यतिथि कोडरमा जिला में शिव शिष्य परिवार की ओर से सहाना गार्डन हाल कोडरमा में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हर भोला जागा जागा महादेव जागरण भजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन करते हुए दिनेश गुरु भाई के द्वारा कहा गया कि आज 4 सितंबर को शिव शिष्य के जनक और हम सबों का आध्यात्मिक पिता वरेनय गुरू भ्राता साहबश्री हरिंद्रानंद जी को शिवलीन हुए एक वर्ष हो गया है। इस एक वर्ष में हम सबों ने साहब श्री की शारीरिक अनुपस्थित महसूस की परंतु साहब श्री का सतत आर्शीवाद और स्नेह हम सब गुरु भाई बहन को मिल रहा है। उन्हीं की ऊर्जा की बदौलत ही हम सब अपने क्षेत्र में गुरु महादेव का चर्चा और उनके गुरु स्वरूप की स्थापना के निमित्त कार्य कर रहे हैं। कुमार ने कहा कि साहब श्री की मनसा शुरू से ही रही थी कि शिव के शिष्यों से किसी को परेशानी ना हो। साहब की इस आध्यात्मिक यात्रा में हम सब यात्री हैं। इसलिए आओ चले शिव की और मैं उद्घोष के साथ, आवाज के साथ साहब के बताए रास्ते पर, साहब श्री के द्वारा बनाये गये शिव के राजमार्ग पर खुद को चलने का संकल्पित हो और दूसरों को भी इस राजमार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करने का संकल्प लें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुरेश पंडित के द्वारा बतलाया गया कि साहब श्री के बतलाए हुए रास्ते पर ही हम सब गुरु कार्य कर सकते हैं। कार्यक्रम में श्री रामानुज के द्वारा बतलाया गया कि साहब ही इस जनमानस को यह बतलाने का काम किए हैं। शिव जगतगुरु हैं वह आपके और हमारे भी गुरु हो सकते हैं। कार्यक्रम में अन्य गुरु भाई शंकर दयाल पांडे, आनंद कुमार, बलदेव मेहता, अनीता देवी, राखी, दीपा भारती, ललिता देवी, देवंती देवी अन्य गुरु भाई बहन ने भी अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में कोडरमा जिला के विभिन्न प्रखंडों गांव से करीब 2 हजार से अधिक गुरु भाई-बहन उपस्थित थे।

## गोविंदपुर में जन जागरण सभा का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ के गोविंदपुर में जन जागरण सभा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मुख्य वक्ता जेबीकेएसएस के अध्यक्ष जयराम महतो रहेंगे। जन जागरण के तहत वोट के महत्व को बताया जायेगा, झारखंड के नीतियों के बारे में चर्चा किया जायेगा जैसे नियोजन नीति, स्थानीय नीति विस्थापन नीति, उद्योग नीति इसके अलावा झारखंड में हो रहे भ्रष्टाचार, रोजगार की समस्या, शिक्षा की समस्या इत्यादि में जोर दिया जायेगा। सभा को सफल आयोजन बनाने को लेकर गोविंदपुर के ग्रामीणों द्वारा पंचायत सचिवालय के सभागार में बैठक कर रूपरेखा तैयार किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रकाश कुमार ने की संचालन सुनील कुमार ने किया। इस अवसर पर ग्रेट इंडियन इंस्टिट्यूट आफ साइंस के निदेशक सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, टेकलाल महतो, जेबीकेएसएस के महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही पटेल, राजकिशोर महतो, गौतम कुमार, बिरेंद्र कुमार, प्रदीप शौर्य, बालेश्वर महतो मिथिलेश कुमार महतो, राहुल कुमार, सुदीप कुमार राज उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने मुखलाल मेहता



**इचाक (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अभय महतो इचाक प्रखंड के कुरहा गांव निवासी मुखलाल मेहता को महासभा का प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया है। मुखलाल मेहता ने कहा की महासभा ने हम पर विश्वास जताते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेवारी सौंपी है इसे पूरी निष्ठा से निभाउंगा। मैं इस पद पर रहकर ईमानदारी पूर्वक अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के संगठन को मजबूत करूंगा। बधाई देने वालों में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र वर्मा, हजारीबाग जिले के अध्यक्ष सूरज कुशवाहा, राम जी कुशवाहा, अर्जुन मेहता, सुनील तलवार, सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता, भीम मेहता, महेश वर्मा, निरंजन कुमार, जयनंदन मेहता आदि शामिल हैं।

## हजारीबाग जिले को अकालग्रस्त घोषित करे सरकार: डॉ आरसी मेहता



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी प्रसाद मेहता ने दारू, इचाक, टाटी झरिया प्रखंड का दौरा कर किसानों से मिल उनकी समस्याओं को सुना। करियातपुर, खैराकर्मा, बेडमक्का, नारायणपुर, भराजो, लुंदरू, देवकुली गाव के ग्रामीणों से मिल समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने कहा की बरकट्ठा विधानसभा के चंदवारा, जयनगर, इचाक, दारू, टाटी झरिया, चलकुसा, गोरहर प्रखंड के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सौतेला व्यवहार है। सरकार उक्त प्रखंडों में सुखाड़ राहत योजना को जल्द से जल्द लागू करें। साथ ही क्षेत्र को अकाल क्षेत्र घोषित करने की मांग की। प्रमंडलीय प्रवक्ता और मार्खम कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल सिपी दांगी ने कहा कि रामगढ़ हजारीबाग चतरा कोडरमा जिले में 20 प्रतिशत धान रोपनी हुआ। वर्षा के अभाव में धान और भदवा फसल सूख रहा है। अकाल सुखाड़ से किसानों में निराशा हाहाकार मचा हुआ है। सरकार अकाल क्षेत्र घोषित करें। मीनू महतो ने कहा की सरकार हर गांव में सिंचाई और पटवन योग्य आहार नाहर जल मीनार का निर्माण करावे। विधानसभा प्रवक्ता प्रो ब्रजकिशोर मेहता ने कहा की बरकट्ठा विधानसभा के जनता बदलाव के मूड में है। क्षेत्र भ्रमण में मुख्य रूप से डॉ सीपी दांगी, मीनू महतो, मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो, प्रखंड अध्यक्ष शिबू सोनी, लालमोहन रविदास, सत्यनारायण महतो, प्रो दीपक कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, राजेंद्र मेहता, पिंटू मेहता, डॉ दीपक सिंह, महमुद अंसारी आदि शामिल थे।

## 105 वार्ड सदस्यों का प्रशिक्षण शुरू



**दारू/ हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के 9 पंचायत से 105 वार्ड सदस्यों की तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुरू हुई। यह प्रशिक्षण 4 सितंबर से 6 सितंबर तक चलेगा। प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर के रुप में एके पाठक और प्रदीप कुमार, एनजीओ शशि कुमार एवम संतोष कुमार मौजुद रहे। पहले दिन प्रशिक्षण में वार्ड सदस्यों को ग्राम सभा के बारे में बताया गया जिसमें मुख्य रूप से कहा गया कि कोई भी सरकारी योजना ग्राम सभा के बिना लागू नहीं करना है। इसके लिए ग्राम समिति का निर्माण करना है। प्रत्येक पंचायत में ग्राम रक्षा समिति, कृषि समिति, सार्वजनिक समिति, निगरानी समिति, शिक्षा समिति, विकास समिति इत्यादि का निर्माण करना है जिसमें वार्ड सदस्य की अहम भूमिका होगी मौके पर प्रशिक्षण देने के लिए आये हुए तमाम अधिकारी और नौ पंचायत के वार्ड सदस्य मौजूद रहे।

## आर्चरी चैंपियनशिप में बड़कागांव के बच्चों ने जीता पदक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग जिला में दो दिवसीय आर्चरी चैंपियनशिप का आयोजन हजारीबाग आर्चरी एसोसिएशन के द्वारा किया गया जिसमें हजारीबाग जिला के सैकड़ो खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में बड़कागांव आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर के छह बच्चों ने अपना परचम लहराया जिसमें मनीषा कुमारी 40 मी में गोल्ड मेडल, अंबिका कुमारी 50 मीटर में ब्रांच, श्रीकांत कुशवाहा 50 मीटर में सिल्वर, मिथिलेश कुमार 40 मीटर में ब्रांच, जिज्ञासु रंजन 20 मीटर में ब्रांच और शिवम रंजन 10 मीटर में ब्रांच पदक हासिल कर बड़कागांव प्रखंड का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के मौके पर बाधक आर्चरी सेंटर के कोच दुर्गेश कुमार ने कहा कि प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उसे निखारने की आवश्यकता है और इसी को लेकर बड़कागांव आर्चरी सेंटर लगातार ग्रामीण बच्चों को ट्रेनिंग देकर उनके प्रतिभा को निखारने का काम कर रहा है आगे उन्होंने कहा कि आर्चरी ट्रेनिंग सेंटर का एक ही मकसद है कि यहां के ग्रामीण बच्चों को देश स्तर पर पहचान दिला सके। वही कोच अमित कुमार ने कहा कि बड़कागांव में आर्चरी केंद्र खुलने से यहां के ग्रामीण बच्चों को शहर जाने की आवश्यकता नहीं है बड़कागांव में ही सभी व्यवस्था उपलब्ध है। और हम सभी बड़कागांव प्रखंड वासियो को गौरवान्वित होने का क्षण है कि यहां के बच्चों ने मेडल जीता है।

## इचाक में थाना दिवस का आयोजन

**इचाक (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में बढते जमीन विवाद की समस्या को देखते हुए इसके निष्पादन हेतु सहायक पुलिस अधीक्षक सह थाना प्रभारी इचाक कुमार शिवाशिष एवं अंचल अधिकारी ईचाक मनोज कुमार महथा के नेतृत्व में थाना में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस पदाधिकारियों, थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय ग्रामीणों के उपस्थित रहे। ईचाक थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से आये स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जमीन संबंधी समस्यों की बात रखी गयी, जिसमें कुछ जमीन संबंधी विवादों का निष्पादन थाना में तुरंत किया गया। शेष बचे जमीन संबंधी विवादों के निष्पादन हेतु ईचाक अंचल के कर्मचारी और थाना पुलिस पदाधिकारी को प्रतिनियुक्त कर अविलम्ब निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया गया। सहायक पुलिस अधीक्षक सह इचाक थाना प्रभारी कुमार शिवाशीष ने बताया की थाना दिवस आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय ग्रामीणों एवं पुलिस प्रशासन के बीच मधुर संबंध स्थापित करना है। भविष्य में भी स्थानीय ग्रामीणों की जमीन संबंधित समस्याओं के निष्पादन हेतु ईचाक थाना में थाना दिवस का आयोजन किया जायेगा। मौके पर एसआइ धनंजय सिंह समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## जारी में पुत्र ने पिता की हत्या कर लाश को दफनाया



**मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में पुलिस ने सड़ी-गली लाश को जमीन खोदकर निकाला**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र अन्तर्गत जरडा पंचायत के बरवाडीह गांव के 32 वर्षीय कमलेश चीक बड़ाईक द्वारा अपने पिता सुखदेव बड़ाईक की 16 अगस्त को हत्या कर करमडांड़ में गाड़ देने का मामला उजागर हुआ। मजिस्ट्रेट रेशमा रेखा मिंज की उपस्थित में सड़ी गली लाश को जारी पुलिस ने खोदकर निकाला।

ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक सुखदेव बड़ाईक गांव में दिखाई नहीं देने पर पुत्र कमलेश चीक बड़ाईक से पूछताछ करने लगे तो उसने कहा कि पिता निकलकर कहां गया होगा मुझे भी जानकारी नहीं है। अपने सगे संबंधियों से भी पूछताछ की, लेकिन पता नहीं चल रहा है। तब ग्रामीणों ने मृतक के बेटा से थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज करने की बात कही, तो वह थाना जाने से मुकर गया। इस पर ग्रामीणों को शंका हुई और इसकी सूचना जारी थानेदार मनीष कुमार को दी।

सूचना मिलते ही थानेदार बारवाडीह गांव पहुंचे और सबसे पहले पुत्र कमलेश चीक बड़ाईक को पकड़कर कड़ाई से पूछताछ की तो हत्या करने की बात कबूला। जब हत्या करने का कारण पूछा गया तो उसने कहा कि पिता बैल, बकरी एवं खेत को बेचने से मना करता था, इसलिए हत्या कर दी। वहीं थानेदार मनीष कुमार के द्वारा मजिस्ट्रेट सीओ रेशमा रेखा मिंज की उपस्थिति में गाड़ी गयी लाश को खोदकर निकाला गया। वहीं आरोपी को जेल भेज दिया गया और सड़ी गली लाश का पोस्टमार्टम के लिए रांची भेज दिया गया।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला को मिला सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा में विद्या भारती द्वारा आयोजित विभाग स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 25 पदक जीते। इस प्रतियोगिता में विद्या मंदिर गुमला को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता चार वर्गों में आयोजित की गई। शिशु वर्ग, बाल वर्ग, किशोर वर्ग एवं तरुण वर्ग। प्रतियोगिता संस्कृत, विज्ञान, वैदिक गणित, संगणक, अंग्रेजी, संस्कृति बोध, पत्र वाचन, आशु भाषण, लोक नृत्य एवं आचार्य पत्र वाचन में विभाजित थे। शिशु वर्ग में संस्कृति बोध, कथोपकथन, संस्कृत, वैदिक गणित, में प्रथम स्थान वहीं संगणक में द्वितीय तथा अंग्रेजी, विज्ञान में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। बाल वर्ग में संस्कृति बोध परियोजना, कथोपकथन, संस्कृत, वैदिक गणित में प्रथम तथा अंग्रेजी, विज्ञान एवं संगणक में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। किशोर वर्ग में संस्कृत, वैदिक गणित को प्रथम तथा अंग्रेजी, विज्ञान, संगणक, त्वरित भाषण में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। तरुण वर्ग में वैदिक गणित, विज्ञान, त्वरित भाषण में प्रथम संस्कृति ज्ञान परियोजना में द्वितीय तथा अंग्रेजी में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सभी विषयों में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहन आगामी बोकारो में आयोजित होने वाले प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। भैया बहनों की सफलता से विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार दास, सह सचिव त्रिभुवन शर्मा सहित सभी अधिकारी बृंद ने हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## 11 लाख 61 हजार रुपये की ठगी की प्राथमिकी

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना रोड सिसई निवासी मो. कुतुबुद्दीन अंसारी ने 11 लाख 61 हजार रुपए ठगी करने के मामले में सिसई थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है गया कि मेरे द्वारा रांची जिला के मांडर थाना क्षेत्र के बाजार टांड मांडर निवासी विकास महतो को अपनी क्रेन गाड़ी नं. जे एच 09 एएम 3349 को 22 सौ रुपए प्रतिदिन भाड़े पर दिया गया था। इसके लिए अग्रिम एक लाख रुपये विकास द्वारा दिया गया। बाद में विकास ने मेरी गाड़ी को खरीदने की इच्छा जताई, बिक्री राशि 12 लाख 20 हजार रुपए तय हुआ जिसका अग्रिम 3 लाख मुझे मिला, जिसके बाद गाड़ी का बकाया टैक्स 1 लाख 55 हजार रुपये मेरे द्वारा विकास को देने के बाद विकास द्वारा मेरे बाकी पैसे के लिए मुझसे 15 दिन का समय लिया गया। वहीं 15 दिन बाद पैसा नही देने प्रतिदिन 22 सौ रुपए भाड़ा देने का एग्रीमेंट हुआ। जिसके बाद से वर्तमान तक मेरा कुल बकाया भाड़ा 17 लाख 16 हजार रुपए बनता है जिसमें से मुझे प्राप्त 5 लाख 55 हजार को काटकर विकास महतो द्वारा मेरा बकाया 11 लाख 61 हजार भाडा राशि और वाहन मांगने पर धमकी देते हुए पैसा व गाड़ी नहीं लौटया जा रहा है।

### प्रदर्शन : केंद्र सरकार की महंगाई एवं लूट के खिलाफ कांग्रेस ने दिया धरना

## दोगुने से भी अधिक दाम बढ़ाकर घटाये गये मात्र दो सौ रुपये : अजय शाहदेव

**खाने के दाने से लेकर हर बुनियादी जरूरत की चीजें हुई मंहगी : चैतू**

**गैस की कीमतों में कटौती चुनावी स्टंटः सुखदेव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** मोदी सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी विगत 7 साल में 258 प्रतिशत बढ़ाया है और डीजल पर 820 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। इन तमाम आंकड़ों के बावजूद मोदी सरकार द्वारा महंगाई को झूठलाया जाना यह प्रदर्शित करता है। यह कहना है कांग्रेस के गुमला जिला प्रभारी अजय नाथ शाहदेव का। वे सोमवार को गुमला जिला कांग्रेस द्वारा आयोजित केंद्र सरकार द्वारा महंगाई एवं लूट के खिलाफ एकदिवसीय धरना में लोगों को संबोधित कर रहे थे।



बता दें कि जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा महंगाई एवं लूट के खिलाफ एकदिवसीय धरना हड़ताली वृक्ष कचहरी परिसर गुमला में आहूत की गई। धरना प्रदर्शन में अध्यक्ष चैतू उरांव ने कहा कि लूट भाजपा के डीएनए में मौजूद है, केंद्र की मोदी सरकार अमीरों को और अमीर एवं गरीबों को और गरीब बना रही है। उन्होने कहा कि पिछले साढ़े 9 वर्षों में मोदी सरकार ने रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ाकर 31:37 करोड़ लोगों को लूटा है। एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 200 रु० की कटौती मोदी सरकार द्वारा आगामी दिनों में 05 राज्यों में होने वाले चुनाव तथा उसके बाद लोकचुनाव में मतदाताओं को लुभाने का एक राजनीतिक स्टंट है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत ने कहा कि गैस सिलेंडर अब भी महंगा है। मगर भाजपा यह ढोल पीट रही है कि गैस सिलेंडर सस्ता हो गया है। धरना प्रदर्शन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, आशिक अंसारी, अकील रहमान, संतोष गुप्ता, आलोक साहू, खुदी भगत दुखी, विष्णु राम, मानिक चंद साहू, राजीव रंजन महतो, मो कलाम आलम, मुख्तार आलम, खालिद साह, भुनेश्वर राम, आजाद अंसारी, अनिल साहू, भैया राम उरांव, आशिष नाथ शाहदेव, साबिर फ्रांस, अजित केरकेट्टा, निरंजन बड़ा, मनीष तिर्की, पतरस होरो, बेलसाजर मिंज, सुधीर कुजूर, जय सिंह, अनीता खलको, अंजली कुमारी, जयंती टोप्पो,राजनिल तिग्गा, विमल किशोर एक्का, साहेब वंशीम, अलबन बखला, प्रदीप खलखो, सलीम टोप्पो, बसंत मुंडा, एतवा मुंडा, मोखतार आलम, मो सदाब, अरुण गुप्ता, तरुण गोप, पतरस होरो, दोरथिया तिर्की, राजेश टोप्पो, पुष्पा टोप्पो, राजु उरांव सहित काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

## सांसद सुदर्शन भगत ने किया छह सड़कों का शिलान्यास

**कहा- पीएमजीएसवाई के तहत जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में बनेगी कई सड़कें**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** सांसद सुदर्शन भगत ने डुमरी और चैनपुर प्रखंड अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छह विभिन्न सड़कों का शिलान्यास किया। जिसमें डुमरडांड टांगीनाथ मोड़ से मझगांव, महुआडीह बंदूआ होते हुए डुमरी तक 13.22 किलोमीटर, जैरागी से करौंधा छत्तीसगढ़ बॉर्डर तक 8.9 किलोमीटर एवं जैरागी से हिसरी ग्राम तक 8.5 किलोमीटर सड़क शामिल है। इसके अतिरिक्त उन्होंने चैनपुर में तीन सड़कों का शिलान्यास किया। सर्वप्रथम सांसद श्री भगत का डुमरी के नवाडीह चौक पर माला पहनाकर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात सांसद का काफिला जैरागी की ओर निकला



जहां उन्होंने जैरागी से हिसरी एवं जैरागी से जुरमू की सड़क का शिलान्यास किया। इसके बाद वापसी में टांगीनाथ मोड़ से बाबा टांगीनाथ धाम होते डुमरी तक की सड़क का सांसद ने शिलान्यास किया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा पारंपरिक वेष भूषा में ढोल मांदर के साथ नृत्य करते हुए अतिथियों का भव्य स्वागत कर टांगीनाथ मोड़ स्थित कॉलेज परिसर लाया गया, जहां भीड़ सभा में तब्दील हो गई। सांसद ने ग्रामीणों व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत आज डुमरी और चैनपुर प्रखंड में कुल छह सड़कों का शिलान्यास किया गया है। गुमला जिले का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा टांगीनाथ धाम के सड़क की मांग वर्षों से की जा रही थी जो काफी आवश्यक था जिसका शिलान्यास करने का मुझे सौभाग्य प्राप्त हुआ है। इसके पश्चात अन्य अतिथियों ने भी सभा को संबोधित किया।

वहीं मझगांव पंचायत के मुखिया ज्योति बहेर देवी, करनी पंचायत मुखिया संजय उरांव एवं खेतली पंचायत के मुखिया आरती देवी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वहीं दिलीप बड़ाइक को भी सामाजिक काम करने के लिए संसद ने सम्मानित किया। मौके पर पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव, जिला महामंत्री मिसिर कुजूर, जिप अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिप उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति भूपन साहु, जिला महामंत्री संयनारायण प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष गायत्री देवी, मंडल अध्यक्ष विजय केशरी, सांसद प्रतिनिधि अनिरुद्ध चौधरी, जिला मंत्री नितेश गुप्ता, भोला चौधरी, महावीर यादव, अवधेश प्रताप शाही, भिखारी भगत, सब्जीलाल साहु, अनिल ताम्रकार, दिलीप बड़ाईक, शत्रुघ्न सिंह, पवन केशरी, राजेश केशरी, जवाहर कवर, विकास कवर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुराने बकाया वैट कर का करें सेटलमेंट : संयुक्त कर आयुक्त

**राज्य कर संयुक्त आयुक्त के साथ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने की बैठक**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने अपने अध्यक्ष दामोदर कसेरा के नेतृत्व में राज्य कर संयुक्त आयुक्त मिथिलेश कुमार सिंह के साथ उन्हीं के कार्यालय में बैठक की। इस संयुक्त बैठक में कर से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई।

इस बैठक में राज्य कर संयुक्त आयुक्त मिथलेश कुमार ने विशेष रूप से राज्य सरकार द्वारा लाई गई योजना के बारे में जानकारी दी।

संयुक्त आयुक्त ने कहा कि किसी भी व्यवसायी के पास पुराने



वैट के समय का कोई भी कर बकाया है उसे आकर वो सेटलमेंट करके समाप्त कर लें। अधिक से अधिक छूट देते हुए बहुत कम प्रतिशत राशि में इसे समाप्त कर दिया जाएगा। वहीं राज्य सरकार द्वारा जो पेशा कर चलाया गया था उसमें अभी भी बहुत कम लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। इसके लिए व्यापारियों को जागरूक किया जाए और रजिस्ट्रेशन करा कर पेशा कर जमा कराया जाए। ज्ञात रहे कि पेशा कर बहुत ही कम प्रतिशत में तय किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यापारी को कोई भी असुविधा होने पर चेंबर के पदाधिकारी से, अपने सीए से या सीधे हमारे कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं, हर संभव सहयोग किया जाएगा उनकी समस्याओं का निदान किया जाएगा। शीघ्र ही गुमला चेंबर के कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कर विभाग के पदाधिकारी चेम्बर के पदाधिकारी रहेंगे। इसमें आम व्यापारियों को आमंत्रित किया जाएगा।

चेम्बर अध्यक्ष श्री कसेरा ने व्यापारियों से आह्वान किया के व्यापारियों को कर के मामले में बिल्कुल पारदर्शी रहना चाहिए इससे व्यापारियों को ही लाभ है। चेंबर के प्रतिनिधि मंडल में चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष महेश कुमार लाल, सचिव बबलू वर्मा, कोषाध्यक्ष मुनिलाल साहू, मीडिया प्रभारी मोहम्मद इम्तियाज कार्यकारिणी के गुरमीत सिंह, प्रदीप सोनी व प्रतीक अग्रवाल आदि शामिल थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## भरनो में सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त जवान जॉन क्रिस्टोफर लकड़ा की हत्या का आरोपी गिरफ्तार



**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना में प्रेसवार्ता कर मलगो तेरनेटोली में हत्या कर शव के पीठ में पत्थर बांधकर मलगो नदी में फेंकने के मामले का भरनो पुलिस ने उद्भेदन करते हुए इस हत्याकांड में शामिल आरोपी मलगो जंगलीटोली निवासी उमेश गोप को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी उमेश की निशानदेही पर मृतक का ओमनी मारुति वैन और एक मोबाइल भी बरामद कर लिया है। आरोपी उमेश गोप ने बेड़ो टिकराटोली निवासी सीआरपीएफ के सेवानिवृत्त जवान जॉन क्रिस्टोफर लकड़ा (70) की हत्या इसलिए कर दी थी, कि उसने उमेश को ठीक से मारुति चलाने की बात कह कर डांट दिया था। जिससे गुस्सा में आकर उमेश ने नदी के पास रखे एक पत्थर से उसके सिर में मारकर हत्या कर दी और शव में पत्थर बांधकर वहीं मलगो नदी में शव फेंक दिया था और वह वहां से फरार हो गया था। पुलिस ने इस केश की तहकीकात करते हुए इस हत्याकांड का उद्भेदन कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसकी पूरी जानकारी इंस्पेक्टर एसएन मंडल और थानेदार कृष्णा कुमार तिवारी ने दी।

## चुंदरी पंचायत सचिवालय में मुखिया ने की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर परिचर्चा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चुंदरी पंचायत सचिवालय में मुखिया विनीता कुमारी की अध्यक्षता में समन्वय समिति की बैठक सोमवार को की गयी। मुखिया के द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन में भूमिका को लेकर आंगनबाड़ी सेविका, पीडीएस दुकानदार, प्रधानाध्यापक से परिचर्चा की गयी और क्रियान्वयन की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि सभी योजना का सफल क्रियान्वयन आपसी समन्वय स्थापित करके किया जा सकता है। मौके पर उप मुखिया अजित मनी पाठक, पंचायत सचिव कलेश्वर साहू, रोजगार सेवक रीना कुमारी, प्रधान संस्था से जगमनिया कुमारी, आंगनबाड़ी सेविका, पीडीएस दुकानदार, स्कूल के प्रधानाध्यापक, स्वास्थ्य सहिया, जलसहिया, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, प्रदान के सदस्य, वार्ड सदस्य व ग्रामीण मौजूद थे।

## बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर सिसई और पुसो मंडल भाजपा ने की तैयारियों की समीक्षा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के 20 सितंबर को सिसई आगमन की तैयारी को लेकर सिसई व पुसो भाजपा मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सोमवार को बैठक हुई। बैठक के पश्चात भाजपाइयों द्वारा स्थानीय रावण मैदान कार्यक्रम आयोजन स्थल का निरीक्षण व साफ सफाई कराया गया। इस दौरान पुर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि कि प्रदेश अध्यक्ष सह पुर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में संकल्प यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में उनका आगमन सिसई विधानसभा के तहत आगामी 20 सितंबर को रावण मैदान सिसई में होने जा रही है। कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्त्ता लालमोहन साहु,लक्ष्मी नारायण यादव,अनिल कुमार साहु,अमन यादव,वसंत यादव, सुखलाल राय,रामनिवास भगत,संजय महतो,चरवा उरांव सहित कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## आदिवासी मूलवासी किसान मजदूर बचाव संघर्ष समिति ने प्रखंड परिसर में किया धरना-प्रदर्शन




**बसिया (आजाद सिपाही)।** आदिवासी मूलवासी किसान मजदूर बचाव संघर्ष समिति के बैनर तले प्रखंड परिसर बसिया में सोमवार को धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना प्रदर्शन के पूर्व खुदी चौक कोनबीर से जुलूस की शक्ल में आदिवासी मूलवासी के लोग हाथ में तख्ती लिए नारे लगाते हुए अनुमंडल परिसर पहुंचे। कार्यक्रम के पूर्व मणिपुर में आदिवासी युवती की हुई हत्या में उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। सभा की अध्यक्षता समिति के संयोजक अजित गुड़िया ने की। वहीं मंच का संचालन सुजीत टेटे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव रोशन बरवा उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कहा कि आज आदिवासी समाज पर हमेशा आक्रमण होते आ रहा है। संयोजक अजित गुड़िया ने कहा कि भाजपा सरकार मणिपुर में आदिवासी समुदाय के ऊपर अत्याचार कर रही है। वहीं प्रस्तावित भारत माला परियोजना लाकर आदिवासी समुदाय को सरकार बेघर करना चाहती है। वहीं जमीन संबंधी ऑनलाइन त्रुटि को सुधार करने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रपति के नाम बीडीओ को आठ सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर पंचायत समिति सदस्य पीसी बड़ाईक, कल्याण टोपनो, प्रेम प्रकाश सुरीन, जोवकीम तिर्की, अश्विनी नाग, गुलशन टेटे, बिलियन टोपनो, यशोदा देवी, संजीत बरला, ओरियानी बाड़ा, उदित टोप्पो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## हाइवा ने वृद्धा को रौंदा, मौत

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बनारी बाजार टाड़ के समीप घाघरा नेतरहाट मुख्य पथ पर मालवाहक हाईवा ने नरमा टांड़ टोली निवासी 85 वर्षीय बीसीया पन्ना को रौंद दिया। मौके पर रास्ते से गुजर रही प्रखंड प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, उप प्रमुख चंदन सिंह आदि लोगों ने आनन फानन टेंपो की मदद से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर भेजा, परंतु घायल वृद्धा ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं घटना उपरांत भाग रहे हाईवा ट्रक को बिशुनपुर पुलिस ने थाना के समीप बेरिकेटिंग लगाकर चालक व हाईवा को पकड़ा है। चालक जनक लोहरा ने बताया कि हाईवा गुमला निवासी ठेकेदार मनोज सिंह का है। उसके नेतरहाट स्थित साइट में मेटेरियल गिराकर लौट रहे थे। इधर पुलिस के पंचनामा उपरांत प्रमुख एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के सहयोग से गाड़ी की व्यवस्था कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेजा गया है।

### बैठक : उपायुक्त ने आकांक्षी प्रखंड डुमरी के विकास को लेकर की समीक्षा, दिये निर्देश

## विद्युत विभाग शत प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में बिजली कनेक्शन को दुरुस्त करे

**आगामी कार्ययोजना के अंतर्गत सभी विभागों को दिये आवश्यक निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में डुमरी प्रखंड कार्यालय सभागार में आकांक्षी प्रखंड डुमरी से संबंधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में आकांक्षी प्रखंड डुमरी के अंतर्गत अलग-अलग विभागों द्वारा किए जाने वाले ग्रामीण विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने डुमरी के लिए सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न संकेतकों की स्थिति की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में अलग-अलग स्तरों पर बिजली कनेक्शन, पेयजल सुविधा, शौचालयों की स्थिति तथा छात्रावास की स्थिति की समीक्षा की। इसी प्रकार डुमरी में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की अलग-अलग संकेतकों के अनुसार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कृषि तथा पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए खाद एवं बीज की उपलब्धता, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण, खरीफ तथा रबी फसलों की




उत्पादकता, सिंचित क्षेत्र, पशु टीकाकरण आदि की भी समीक्षा की। उपायुक्त ने आंगनबाड़ी एवं अन्य संकेतक बिन्दुओं के बारे में चर्चा की। आकांक्षी प्रखंड में कौशल विकास एवं रोजगार तथा सामाजिक एवं वित्तीय समावेशन के संबंध में बैठक में समीक्षा की गई। बैठक में आकांक्षी प्रखंड के विकास के लिए स्वास्थ्य, महिला बाल विकास विभाग, कृषि, शिक्षा विभाग, कौशल एवं तकनीकि, रोजगार, पशुपालन एवं डेयरी, मनरेगा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पीएचडी विभाग, विद्युत विभाग द्वारा किए गए कार्यों की आंकड़ेवार समीक्षा की गई। उपायुक्त ने आगामी कार्ययोजना के अंतर्गत उक्त विभागों को आवश्यक निर्देश भी दिए।

बिजली कनेक्शन को लेकर उपायुक्त ने निर्देशित किया कि विद्युत विभाग द्वारा डुमरी प्रखंड अंतर्गत शत प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में बिजली कनेक्शन को दुरुस्त करे। इसके साथ ही किसी भी विद्यालय में बकाया बिजली बिल के जमा नहीं करने पर विद्यालय का बिजली कनेक्शन काटने से पूर्व उपायुक्त ने उनसे परामर्श करने को कहा। अन्यथा संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही पानी की समस्या को लेकर भी पीएचडी विभाग को जिन स्थानों में पानी का कनेक्शन नहीं है उसके लिए डीपीआर अथवा प्रस्ताव तैयार करने को कहा। बैठक में डीडीसी, परियोजना निदेशक पीडी आईटीडीए, सिविल सर्जन, डीइओ, डीएसई, जिला कृषि अधिकारी, बीडीओ डुमरी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, डीपीओ, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पंचायत मुखिया सहित जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

